भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 291

दिनांक 21 जुलाई, 2026 के लिए प्रश्न

पशुओं का टीकाकरण

291. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रेः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत महाराष्ट्र के भिवंडी क्षेत्र के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान भिवंडी क्षेत्र में पशुओं के टीकाकरण के लिए दी गई टीकों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार भिवंडी में आधुनिक दुग्ध संग्रहण और शीतागार अवसंरचना विकसित करने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) के अंतर्गत, महाराष्ट्र के भिवंडी क्षेत्र के लिए एक परियोजना स्वीकृत की गई है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार है:

i. नाम और पता: श्री विकास रामचन्द्र जाधव, पोस्ट- दिघाशी, तालुका- भिवंडी, जिला- ठाणे, महाराष्ट्र

ii. परियोजना: 300+15 बकरी उद्यमिता

iii. NLM ID/अनुमोदन की तारीख: NLM202309230000212/दिनांक19.04.2024

iv. स्थिति: परियोजना प्रगति पर है, 14.62482 लाख रुपए की पहली किस्त जारी की गई है।

(ख) महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान भिवंडी क्षेत्र में पशुओं को लगाए गए टीकों की संख्या अनुबंध-I में दी गई है।

(ग) और (घ) राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD) योजना के अंतर्गत भिवंडी में आधुनिक दूध संग्रहण अवसंरचना विकसित करने के संबंध में महाराष्ट्र सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त न होने के कारण लागू नहीं।

*****

अनुबंध-I

महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान भिवंडी क्षेत्र में पशुओं को लगाए गए टीकों की संख्या निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**रोग**	**वर्ष 2021-22**	**वर्ष 2022-23**	**वर्ष 2023-24**	**वर्ष 2024-25**	**वर्ष 2025-26**
1	HS+ BQ	0	14686	0	8477	0
2	HS	15091	14434	11969	11435	12982
3	BQ	10027	17184	0	6100	8181
4	FMD	29085	25012	13203	77576	59557
5	ET	11522	11929	9629	11539	11460
6	RD	0	112148	0	44400	3400
7	फाउल पॉक्स	0	92153	0	0	18300
8	लेसोटा	0	127	0	0	500
9	क्लासिकल स्वाइन फीवर	0	1520	502	970	1100
10	रेबीज	792	1484	669	1719	5635
11	स्नेक बाइट	4	0	35	18	0
12	PPR	0	0	10544	16600	5000
13	ब्रुसेलोसिस	0	67	2642	143	0
14	LSD	9761	9845	3269	7754	6500
15	थिलेरिएसिस	0	0	0	1148	0
16	शीप पॉक्स	0	0	0	1500	1480
	कुल	**76282**	**300589**	**52462**	**189379**	**134095**

*****